दर्शन की प्यासी नज़रिया

दर्शन की प्यासी नज़रिया,
मैया लीजिये खबरिया,
लीजिये खबरिया मैया लीजिये खबरिया,
दर्शन की प्यासी नज़रिया,
मैया लीजिये खबरिया ॥

खप्पर वाली माँ जगदम्बा,
चंडी ज्वाला अम्बा अम्बा,
ओढ़े लाल चुनरिया,
मैया लीजिये खबरिया ॥

रण में महिषासुर को मारे,
माँ का शेरा जब हुंकारे,
दीखे लाल नज़रिया,
मैया लीजिये खबरिया ॥

खंज़र चक्र त्रिसूल संभाले,
लाल नयन और जीभ निकाले,
चुनरी रंग केसरिया,
मैया लीजिये खबरिया ॥

गाते गुण माँ भगत तुम्हारे,
आन बसों माँ हृदय हमारे,
राजेन्द्र की सुनलो अरज़िया,
मैया लीजिये खबरिया,
दर्शन की प्यासी नज़रिया,
मैया लीजिये खबरिया.......

गीतकार/गायक -राजेन्द्र प्रसाद सोनी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24155/title/darshan-ki-pyasi-nazriya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |